राजस्थान सरकार
ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग
(अनुभाग–3)

क्रमांक एफ 51 (1) ग्रावि/नरेगा/संवाद/10–11 जयपुर, दिनांक – 1 JUL 2010

–:: कार्यालय आदेशः –

राज्य स्तर पर प्रति माह माननीय मंत्री ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज की अध्यक्षता में विभिन्न सामाजिक संगठनों की उपस्थिति में संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। उक्त संवाद कार्यक्रम में प्रतिभागियों द्वारा विभिन्न जिलों में नरेगा योजनान्तर्गत करवाये जाने वाले कार्यों हेतु केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा लिये गये महत्वपूर्ण निर्णय एवं योजनान्तर्गत पाई गई अनियमितताओं पर विचार–विमार्श किया जाता है। तत्पश्चात् राज्य स्तर से संवाद में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण हेतु कार्यवाही की जाती है।

संवाद – 9 कार्यक्रम में उठाई गई मांग के अनुसार राज्य स्तर पर यह निर्णय लिया गया हैं कि इसी प्रकार मासिक संवाद कार्यक्रम जिला स्तर पर भी आयोजित किये जावे।

अतः इस संबंध में निर्देशित किया जाता है किः–

1. माह जुलाई 2010 से जिला स्तर पर नरेगा योजना की मासिक समीक्षा बैठक के पश्चात आधे दिन संवाद कार्यक्रम का आयोजन नियमित रूप से किया जावे।
2. संवाद कार्यक्रम में उठाये गये विभिन्न बिन्दुओं पर तत्काल कार्यवाही की जावें।
3. संवाद कार्यक्रम के आयोजन की पूर्व सूचना एवं कार्यवाही विवरण से इस विभाग को अवगत करावें।

भवदीय

5/7/10

(तन्मय कुमार)

आयुक्त एवं शासन सचिव ईजीएस

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निजी सचिव, माननीय मंत्री ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग।
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग।
3. निजी सचिव, आयुक्त ईजीएस।
4. समस्त सम्भागीय आयुक्त, राजस्थान।
5. समस्त जिला कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक।
6. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, समस्त संबंधित जिला परिषद।
7. ~~संबंधित विकास अधिकारी, राजस्थान~~।
8. संबंधित कार्यक्रम अधिकारी, राजस्थान।
9. रक्षित पत्रावली ।

परि0 निदे0 एवं पदेन उप सचिव ईजीएस